उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**मंगलवार, 26 फाल्गुन, शक संवत्, 1936**
**( दिनांक : 17 मार्च, 2015 )**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम भेरूचौबट्टा से सुकराड़ी (एस0सी0पी0 ग्राम) होते हुए गैराड़ बिलखेत तक मोटर मार्ग मिलान के सम्बन्ध में" श्री भूपाल सिंह, निवासी ग्राम पल्सों, पो0 चौंरा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री हरबंस कपूर, सदस्य, विधान सभा, "देहरादून के कैण्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम के वार्ड 55 गांधीग्राम क्षेत्र में नालियों की सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में" श्री माजिद, निवासी 401 गुरू रोड देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री हरबंस कपूर, सदस्य, विधान सभा, "देहरादून के कैण्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम के वार्ड 50 कांवली क्षेत्र में जल भराव की समस्या के समाधान के सम्बन्ध में" श्री संजय रौथाण, निवासी व्योमप्रस्थ कांवली देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री हरबंस कपूर, सदस्य, विधान सभा, "देहरादून के कैण्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम के वार्ड 54 पश्चिमी पटेलनगर के किनारे बहने वाली बिंदाल नदी के किनारे सुरक्षा दीवार एवं नदी के तल को भरने हेतु चैकडैम बनाने के सम्बन्ध में" श्रीमती अनीता सिंह पार्षद, निवासी 173 सहारनपुर रोड, पटेलनगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री हरबंस कपूर, सदस्य, विधान सभा, "देहरादून के कैण्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम के वार्ड 55 गांधीग्राम के किनारे सुरक्षा दीवार एवं चैकडैम बनाने के सम्बन्ध में" श्री मंगल सिंह, निवासी 336 नई बस्ती गुरू रोड, देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, "जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पष्टा में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री साजेश तोमर, निवासी ग्राम पंचायत पष्टा, पो0ओ0 लांघा, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, "जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रूद्रपुर में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री ऋषिपाल निवासी ग्राम पंचायत रूद्रपुर, पो0ओ0 रूद्रपुर, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, "जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पपड़ियान में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री मन्तराम निवासी ग्राम पंचायत पपड़ियान, पो0ओ0 कटापत्थर, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, "जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बावनधार में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पंचायत बावनधार, पो0ओ0 मदर्सू, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, "जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मटोगी में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सुरजन सिंह निवासी ग्राम पंचायत मटोगी, पो0ओ0 मदर्सू, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा, "जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लांघा में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सतीश कुमार निवासी ग्राम पंचायत लांघा, पो0ओ0 लांघा, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा, "जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के डुंगरा न्यायपंचायत की भौनडांडा पेयजल योजना के पुर्ननिर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती प्रेमा देवी, निवासी ग्राम मंगरोसिरौ, पो0 भेरंगखाल, जनपद अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा, "जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के भैरंगखाल क्षेत्र में स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति कराये जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती प्रेमा देवी, निवासी ग्राम मंगरोसिरौ, पो0 भेरंगखाल, जनपद अल्मोड़ा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर के भाल की माण्डे जू0 हाईस्कूल के उच्चीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री मालचन्द महर, निवासी ग्राम मराड़, पो0 काण्ठल जौनपुर, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार के नागराजाधार में लो0नि0वि0 के विश्राम गृह बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती बबीता शाह, ब्लाक प्रमुख थौलधार, निवासी ग्राम दड़माली, पो0 कटखेत थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार को ओ0बी0सी0 क्षेत्र घोषित करने के सम्बन्ध में" श्रीमती बबीता शाह, ब्लाक प्रमुख थौलधार, निवासी ग्राम दड़माली, पो0 कटखेत थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार में लालूरी कोटी मेहरू मोटर मार्ग का मंजखेत से मोरियाणा तक निर्माण कराने के सम्बन्ध में" श्री चन्द्र सिंह, पूर्व प्रधान, निवासी ग्राम मंजखेत, पो0 कांशी थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

23. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

24. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

25. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक 2015 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

26. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक 2015 को पुरःस्थापित करेंगे।

27. सहकारिता मंत्री, उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक 2015 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

28. सहकारिता मंत्री, उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक 2015 को पुरःस्थापित करेंगे।

29. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ग"**)

30. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

31. खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

32. खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

33. पशुपालन मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

34. पशुपालन मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

35. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

36. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

37. पंचायती राज मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

38. पंचायती राज मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

39. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

40. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

41. वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

42. निम्नलिखित असरकारी संकल्पों का प्रस्तुतीकरण :-

| | |
|---|---|
| 1. श्री महावीर सिंह रांगड़ | "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य के 1065 गैर आबाद ग्रामों को पुनः आबाद करने हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाने तथा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए समयबद्ध योजना बना कर क्रियान्वित किये जाने की आवश्यकता है।' |
| 2. श्री चन्दन राम दास, | "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि गंगा सफाई अभियान की तरह उत्तराखण्ड की काशी बागेश्वर की प्रसिद्ध नदी सरयू व गोमती को स्वच्छ निर्मल बनाये जाने के लिये सरकार योजना बनाकर प्रयास सुनिश्चित करें।' |
| 3. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, | "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के गांवों जिनमें उत्तराखण्डवासियों की जनसंख्या अधिक हो, उत्तराखण्ड में सम्मिलित कर दिये जाये।" |

4. श्री बिशन सिंह चुफाल, "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में बन्दरों की जनसंख्या को कम करने के लिए एक अलग से नीति बनायी जायें।"

5. श्री मदन कौशिक, "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य में स्थापित उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये प्रभावी नीति हेतु इस सदन की समिति बनायी जायें।"

43. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरणः-

"यह सदन भारत सरकार से प्रस्ताव करता है कि मध्याह्न भोजन में व्याप्त अनियमितताओं एवं अव्यवहारिकता को दृष्टिगत रखते हुए, इस योजना के स्थान पर किसी अन्य योजना को लागू करने पर विचार करें। "

44. श्री मदन कौशिक, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में गन्ना किसानों को गन्ना का उचित मूल्य एवं गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान को सुनिश्चित करने कि लिये विधान सभा के सदस्यों की एक समिति का गठन किया जाय जो एक निश्चित समय में अपनी रिपोर्ट देगी।"

45. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरणः-

"उत्तराखण्ड राज्य के गठन के समय राज्य में 95 विकास खण्ड ईकाई गठित थी। आज भी इनकी संख्या 95 ही है।

राज्य गठन के पश्चात् ग्राम सभाओं का लगातार पुनर्गठन किया गया है तथा ग्राम सभाओं की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। राज्य गठन के पश्चात् नवीन तहसील स्थापित करने का कार्य भी हुआ है। नये राज्य में विधान सभा क्षेत्र भी बढ़ कर 70 हो गये हैं।

इन परिवर्तनों के कारण एक विकास खण्ड एक से अधिक विधान सभा क्षेत्रों में विभाजित हो गया है, जिससे नियोजन एवं विकास के कार्यों में भ्रान्तियां उत्पन्न हो रही हैं। एक विकास खण्ड के एक से अधिक तहसीलों में विभाजित होने के कारण प्रशासनिक दृष्टि से भी भ्रान्तियां उत्पन्न हो रही हैं।

विकास की मूलभूत ईकाई विकास खण्ड के पुनर्गठन का कार्य न होने के कारण छोटे राज्य के निर्माण के मूल लक्ष्य, विकास से सुदूर क्षेत्र का नजदीकी सम्बन्ध की अवधारणा पूरी नहीं हो पा रही है।

शासन स्तर पर विकास खण्ड पुनर्गठन के विषय को यह कहकर लम्बित रखा जा रहा है कि योजना आयोग भारत सरकार इसके लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं करा रहा है तथा राज्य सरकार द्वारा "जल समेट क्षेत्र पर आधारित विकास खण्ड पुनर्गठन का प्रस्ताव योजना आयोग या वित्त आयोग या केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने सम्बन्धी।"

46. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरणः-

"प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत प्रदेश में आपदा की स्थिति से निपटने के लिये विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाय जो निश्चित समय के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी"

47. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरणः-

"प्रदेश में आयी भीषण आपदा के बाद प्रदेश की चार धाम यात्रा में घटती यात्रियों की संख्या एवं पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों के घटते आकर्षण के दृष्टिगत प्रदेश में यात्रियों को आकर्षित करने तथा देश की जनता का प्रदेश के प्रति घटते विश्वास को प्राप्त करने के लिये एक कार्ययोजना बनायी जाय"

48. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरणः-

"प्रदेश के धार्मिक महत्व को देखते हुए प्रदेश में किसी धार्मिक उद्देश्य से बनाये गये ट्रस्ट/सोसाईटी अथवा समिति द्वारा चलाये जा रहे मठ/मन्दिर/आश्रम पर राज्य सरकार द्वारा पानी/बिजली/सीवरेज/हाउस टैक्स आदि शुल्क को समाप्त कर दिया जाय।"

49. उद्योग विभाग द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्र नगर के अन्तर्गत चन्द्रभागा नदी में उपखनिज का चुगान कितने सालों से न किये जाने एवं इसके कारण नदी का जलस्तर तटबन्ध के बराबर हो जाने से ढालवाला एवं मुनी की रेती क्षेत्र में बांढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाने विषयक, दिनांक 24 नवम्बर, 2014 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-82 के संबंध में, श्री सुबोध उनियाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

50. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

51. विधान सभा क्षेत्र लक्सर के अन्तर्गत ग्राम भोगपुर से बालावाली तक गंगा नदी बने बांध की मरम्मत करने संबंध में श्री संजय गुप्ता, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 13 मार्च, 2015 को दी गई सूचना पर, सिंचाई मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

52. पी0एच0डी0 धारकों के नेट की अनिवार्यता करने के फलस्वरूप नौकरी से वंचित रह जाने के कारण व्याप्त असंतोष के संबंध में श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 13 मार्च, 2015 को दी गई सूचना पर, उच्च शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 16 मार्च, 2015

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### मंगलवार, 26 फाल्गुन, शक संवत्, 1936

### ( दिनांक : 17 मार्च, 2015 )

### नत्थी "क"

### अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>04.03.2015 | **क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या वर्ष 2014 तक उत्तराखण्ड के 1065 गांव गैर आबाद हो चुके हैं ? यदि हां, तो गांवों से लगातार हो रहे पलायन को रोकने हेतु सरकार की कोई कार्य योजना है ? यदि हां तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नियोजन** |
| श्री मदन कौशिक<br>07.03.2015 | **क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिडकुल द्वारा प्रदेश में कितने भूखण्ड आवासीय योजनाओं हेतु दिये गये हैं ? क्या यह सत्य है कि उक्त योजनाओं से बनने वाले स्थानों की बिक्री में राज्य की नीति का पालन नहीं किया जा रहा है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्योग** |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

श्री गणेश जोशी
18.02.2015

*01. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी शहर के संयुक्त चिकित्सालय का शिलान्यास 2010 में किया गया था किन्तु वर्ष 2010 से अब तक संयुक्त चिकित्सालय का निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया है जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं की प्राथमिकता को देखते उक्त भवन का निर्माण छः महीने में पूर्ण करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**स्वास्थ्य**

श्री सहदेव सिंह पुण्डीर
18.02.2015

*02. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के विकास खण्ड सहसपुर के अन्तर्गत कोई भी डिग्री कालेज न होने के कारण विकास खण्ड सहसपुर के बच्चों को इन्टरमीडिएट के पश्चात उच्च शिक्षा हेतु 20–25 कि0मी0 की दूरी तय करनी पड़ती है ? यदि हां, तो क्या सरकार विकास खण्ड सहसपुर में डिग्री कालेज खोले जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**उच्च शिक्षा**

श्री नवप्रभात
19.02.2015

*03. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में ''जेनेरिक दवाईयां'' उपलब्ध कराने के विषय में सरकार की क्या नीति है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रदेश में जेनेरिक दवाइयों की बिक्री हो रही है? यदि हां तो जेनेरिक दवाईयों की गुणवत्ता तथा मूल्य नियंत्रण के लिये सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की गयी है?

**स्वास्थ्य**

श्री मदन कौशिक
19.02.2015

*04. **द्वितीय शुक्रवार के तारा0 09 में स्थाना0 ।**

क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार के गठन के उपरान्त प्रदेश में कितने उद्योग स्थापित किये गये हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उद्योगों को प्रोत्साहित करने हेतु वर्तमान सरकार ने क्या कार्य किये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**उद्योग**

श्री हीरा सिंह बिष्ट
19.02.2015

*05. **विस्तीर्णता एवं अनेक विभाग से संबंधित होने के कारण निरस्त।**

क्या नियोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में कितने ऐसे (एन0जी0ओ0) गैर सरकारी संगठन हैं जो राज्य, केन्द्र व अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं से वित्त पोषित हो रहे हैं तथा विभिन्न एजेन्सियों से कितनी आर्थिक सहायता गत 5 वर्षों में मिली है इसका विवरण क्या है ? क्या सरकार समय समय पर इनकी समीक्षा करती है ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ?

**नियोजन**

श्री नवप्रभात
19.02.2015

*06. **विस्तीर्णता एवं अनेक विभाग से संबंधित होने के कारण निरस्त।**

क्या नियोजन मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कौन कौन सी ''केन्द्र पोषित योजनायें'' लागू हैं ? इन योजनाओं पर केन्द्रांश तथा राज्यांश कितना है ?

**नियोजन**

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजकुमार ठुकराल<br>20.02.2015 | *07. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र सिडकुल के उद्योगों में 70 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने तथा रूद्रपुर में रोजगार कॉल सेन्टर खोलने हेतु सरकार कोई कार्यवाही कर रही है ? क्या सरकार के पास इस बात के संख्याकिक आंकड़े है कि जिससे पता चल सके कि सिडकुल स्थित कंपनियों में कितने स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है तथा क्या इसके संबंध में कोई रूपरेखा तैयार की गई है ? | उद्योग |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>20.02.2015 | *08. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम 2009 के प्रकाशन फलस्वरूप उत्तराखण्ड के विश्वविद्यालयों में प्रारम्भ कराये गये पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा/वर्क का पाठ्यक्रम सत्र जुलाई 2010 से पूर्व प्रवेश/पंजीकरण वाले पी0एच0डी0 धारकों को अन्य राज्यों (हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर असम एवं उत्तर प्रदेश) की ही तरह पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा/वर्क का पाठ्यक्रम को प्रारम्भ कराये जाने के वर्ष से पूर्व प्रवेश/पंजीकरण वाले पी0एच0डी0 धारकों को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट/स्लेट) में की गई छूट की व्यवस्था की ही तरह इस राज्य के पी0एच0डी0 धारकों को भी छूट प्रदान करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>20.02.2015 | *9. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिडकुल क्षेत्र हरिद्वार/रूद्रपुर में सिडकुल की भूमि को आवासीय प्रयोग हेतु दिया गया है तथा किस नीति के अन्तर्गत दिया गया है ? यदि हां, तो वह नीति क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री मदन कौशिक<br>20.02.2015 | *10. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के सरकारी चिकित्सालयों में अल्ट्रासाउन्ड विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रभावी नीति के माध्यम से इस कमी को दूर करेगी ? यदि हां, तो वह नीति क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री आदेश चौहान<br>21.02.2015 | *11. **द्वितीय शुक्रवार के तारा0 08 में स्थाना0 ।**<br>क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कार्यरत औद्योगिक ईकाइयों में 70 प्रतिशत स्थानीय अर्थात उत्तराखण्ड के युवकों को रोजगार दिये जाने की शर्त का पालन नहीं किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसी औद्योगिक इकाईयों के विरूद्ध कोई दण्डात्मक कार्यवाही करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>23.02.2015 | *12. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्र/प्रदेश सरकार द्वारा क्या कोई ऐसी योजना है जिसके तहत गरीब बी0पी0एल परिवारों को मुफ्त ईलाज हेतु कोई परिचय पत्र (स्वास्थ्य कार्ड) दिया जाता है ? यदि हां, तो पौडी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा के अन्तर्गत क्या सभी बी0पी0एल0 धारकों को यह सुविधा हेतु परिचय पत्र दे दिये गये हैं ? यदि हां, तो क्या सभी बी0पी0एल धारकों को यह सुविधा दे दी गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवप्रभात<br>23.02.2015 | *13. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 01 अप्रैल, 2007 को प्रदेश में सिडकुल के पास कितनी औद्योगिक भूमि उपलब्ध थी एवं 31 दिसम्बर, 2013 को सिडकुल के पास कितनी औद्योगिक भूमि उपलब्ध थी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस अवधि में कितने उद्योगों को कितनी भूमि आवंटित की गयी तथा इस अवधि में सिडकुल को कितनी नयी औद्योगिक भूमि प्राप्त हुयी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस अवधि में सिडकुल द्वारा कितनी भूमि उद्योग से इतर प्रयोग के लिए आवंटित की गयी तथा इस आवंटन का विवरण क्या है ? | **उद्योग** |
| श्री संजय गुप्ता<br>24.02.2015 | *14. **विस्तीर्णता एवं अनेक विभाग से संबंधित होने के कारण निरस्त।**<br>क्या वित्त मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के लक्सर विधानसभा क्षेत्र में गंगा तट के विभिन्न गावों में बांध टूटने से जल भर गया था तथा कई बार फसलें नष्ट हो चुकी हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे लोगों को चिन्हित कर कोई ऋण माफी की योजना बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वित्त |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>18.02.2015 | 1. क्या आयुष मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश में आयुर्वेद जड़ी बूटी उद्यम की अपार संभावनायें हैं तथा विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के चरेख गांव के चरेख डांडा में आयुष ग्राम एवं आयुष शोध संस्थान प्रस्तावित है ? क्या सरकार उपरोक्त स्थान में आयुष ग्राम एवं आयुष शोध संस्थान की स्थापना करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आयुष** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>18.02.2015 | 2. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा तल्ला सल्ट में महाविद्यालय की स्वीकृति प्रदान की गई थी और कला संकाय की कक्षायें रा0इ0कालेज नेवलगांव से संचालित हो रही है ? क्या मा0 मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि महाविद्यालय के निर्माण हेतु तल्ला सल्ट के लोगों द्वारा निःशुल्क भूमि का प्रस्ताव दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार महाविद्यालय के भवन का शीघ्र निर्माण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>18.02.2015 | 3. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में रह रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी जो राज्य गठन से पूर्व सेवानिवृत्त हुये हैं और उत्तराखण्ड के स्थाई निवासी है को सरकार द्वारा उत्तराखण्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समान सुविधायें दी जा रही हैं ? यदि हां, तो उक्त कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ न देने के क्या कारण हैं ? | **वित्त** |
| श्री गणेश जोशी<br>19.02.2015 | 4. क्या वित्त मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा चौथे वित्त आयोग का गठन किया जा चुका है ? यदि हां, तो क्या सरकार अन्य राज्यों जैसे तेलंगाना व दिल्ली की भांति वित्त आयोग के माध्यम से राज्य की छावनी परिषदों को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वित्त** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवप्रभात<br>19.02.2015 | 5. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा कितने आयुर्वेद तथा होम्योपैथ अस्पताल संचालित हैं एवं इनमें कुल कितने आयुर्वेदाचार्य तथा होम्यापैथ डाक्टर कार्यरत हैं ? क्या इन चिकित्सकों को चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति अनुमन्य है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2013–14 में कुल कितनी धनराशि प्रतिपूर्ति के रूप में भुगतान की गयी एवं इस भुगतान की गयी धनराशि में कितनी धनराशि क्रमशः आयुर्वेदिक होम्योपैथिक तथा ऐलोपैथिक पद्धति से ईलाज के लिए प्रदत्त की गयी ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>19.02.2015 | 6. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि कुमाऊ विश्वविद्यालय से स्नातक/परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र/छात्राओं को 2 से 4 वर्षों के विलम्ब के पश्चात स्नातक/परास्नातक उपाधियां प्रदान की जाती हैं जिससे इन छात्र/छात्राओं को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष में ही अंकतालिका के साथ उपाधि भी प्रदान किये जाने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देशित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक अंकतालिका एवं उपाधि एक साथ प्रदान किये जाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो कारण बतायें ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>19.02.2015 | 7. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत नवसृजित तहसील बनलेख, दुग नाकुरी क्षेत्र में मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा सं0 608/2012 के द्वारा डिग्री कालेज की स्थापना की घोषणा की गई है ? यदि हां, तो डिग्री कालेज की स्थापना का शासनादेश कब होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>19.02.2015 | 8. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर में ब्लड बैंक की स्थापना किये जाने के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री जी को संबोधित प्रश्नकर्ता पत्रांक 685/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 18 फरवरी, 2014 पर मुख्यमंत्री जी द्वारा "स्वीकृत नियुक्ति" के आदेश दिए गए हैं ? यदि हां, तो मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के अनुपालन हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा प्रश्नकर्ता के स्मरण पत्रांक 1008/विधायक/4–स्वास्थ्य/2014–15 दिनांक 15 जुलाई 2014 के बावजूद भी प्रश्नगत प्रकरण पर की गई कार्यवाही की जानकारी अभी तक प्रश्नकर्ता को उपलब्ध न कराए जाने के कारण क्या हैं ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर में ब्लडबैंक की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>19.02.2015 | 9. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम भलौन में उपकेन्द्र की स्थापना की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री नवप्रभात<br>20.02.2015 | 10. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि संयुक्त चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए अनुमन्य धनराशि का मानक क्या है ? क्या जनपद देहरादून में हरबर्टपुर नामक स्थान पर स्वीकृत संयुक्त चिकित्सालय के भवन के लिए मानक के अनुसार धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है ? यदि नहीं, तो इसका क्या कारण है ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवप्रभात<br>20.02.2015 | 11. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सचल अस्पताल योजना के अन्तर्गत वर्ष 2009 से 2013 तक जनपद देहरादून में आयोजित शिविरों का विवरण क्या है ? इन शिविरों के आयोजन के लिए निजी साझेदार को किये गये भुगतान का विवरण क्या है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>20.02.2015 | 12. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में विभिन्न सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र/प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों में डॉक्टर/फार्मसिस्टों की तैनाती की क्या स्थिति है एवं इनका विवरण क्या है ? क्या रिक्त पदों के सापेक्ष उक्त पदों को भरा जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मदन कौशिक<br>20.02.2015 | 13. **द्वितीय सोमवार के अता0 98 में स्थाना0**<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अनाथ एवं अकिचंन मृतक के दाह दफन हेतु अनुदान की राशि बढाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मदन कौशिक<br>20.02.2015 | 14. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की मिलों पर प्रदेश के गन्ना किसानों का कुल कितना बकाया है तथा भुगतान हेतु सरकार की नीति क्या है ? | **गन्ना** |
| श्री पूरण सिंह फर्त्याल<br>21.02.2015 | 15. क्या चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अवगत हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहाघाट में पी0पी0पी0 मोड के अन्तर्गत बाहरी एजेंसियों द्वारा संचालित सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अव्यवस्था फैलायी जा रही है एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को रेफर सेन्टर बना दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहाघाट को पी0पी0पी0 मोड से हटाने एवं सरकार के नियंत्रणधीन लिये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>21.02.2015 | 16. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि ऋषिकेश में पं0ल0मो0शर्मा राजकीय महाविद्यालय स्वायत्तशासी (अटोनोमॅस) के रूप में चल रहा है जिसके मानको के कारण सैकड़ों स्थानीय व आस पास के छात्र/छात्राओं को ये एक मात्र महाविद्यालय होने के कारण प्रवेश न मिलने से आगे पढाई से वंचित होना पड रहा है ? यदि हां, तो इस समस्या के निदान हेतु क्या सरकार ओर महाविद्यालय ऋषिकेश में खोलने जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>21.02.2015 | 17. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में क्वैरला नामक स्थान पर 30 वर्षों से भी अधिक समय से आर्युवेदिक औषधालय किराये के छोटे से भवन में संचालित है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में मानकानुसार भवन निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>21.02.2015 | 18. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के अन्तर्गत सोसाइटी एक्ट 1860 के तहत कितनी समितियां पंजीकृत हैं तथा जनपद वार विवरण क्या है ? उक्त पंजीकृत समितियों द्वारा उत्तराखण्ड आपदा राहत कोष में कितना आर्थिक योगदान दिया गया है तथा तत्संबंधी विवरण क्या है ? | **वित्त** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>23.02.2015 | 19. | क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति क्या है ? क्या सरकार आर्थिक स्थिति को सुधारने हेतु कोई नीति बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वित्त |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>23.02.2015 | 20. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामों में ए0एन0एम केन्द्रों के अलावा ए0एन0एम के द्वारा ग्रामों का भ्रमण कर टीकाकरण किया जाता है ? यदि हां, तो क्या संबंधित ग्राम प्रधानों को ए0एन0एम0 द्वारा सूचित किया जाता है ? यदि हां तो क्या सूचना ने देने वाले ए0एन0एम0 के खिलाफ कोई कार्यवाही की जायेगी ? | स्वास्थ्य |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>23.02.2015 | 21. | क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में वर्ष 2007 से निर्माणाधीन सरकारी अस्पताल का कार्य पूर्ण हो गया है ? यदि हां, तो अस्पताल में कब से चिकित्सकीय कार्य चालू हो जायेगा ? यदि नहीं, तो अभी तक कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण हैं ? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती अमृता रावत<br>23.02.2015 | 22. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रामदत्त जोशी चिकित्सालय रामनगर, नैनीताल की विभिन्न समस्याओं के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री के पत्र संख्या 4820 दिनांक 02.01.2014 के द्वारा प्रश्नकर्ता के पत्रांक 5427/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 23.12.2013 को आवश्यक कार्यवाही हेतु महानिदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड को प्रेषित किये जाने की जानकारी दी गयी है ? यदि हां, तो रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर की समस्याओं के निवारण हेतु की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक समस्याओं का निवारण किया जायेगा ? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती अमृता रावत<br>23.02.2015 | 23. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम क्यारी में राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय की स्थापना किये जाने के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड को संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 681/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 18 फरवरी, 2014 तथा पत्रांक 1009/विधायक/4–स्वास्थ्य/2014–15 दिनांक 18 जुलाई, 2014 में वर्णित समस्या के समाधान हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक क्यारी गांव में राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय की स्थापना की जायेगी ? | स्वास्थ्य |
| श्री चन्द्रशेखर<br>23.02.2015 | 24. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत ग्राम–बुग्गावाला में प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र मात्र एक चिकित्सक के सहारे चल रहा है तथा महिलाओं एवं बच्चों के लिए कोई भी चिकित्सक यहां नहीं है जिससे ग्रामवासी स्वास्थ्य लाभ से वंचित हैं ? क्या सरकार उक्त स्थान पर महिला एवं बच्चों के चिकित्सकों की शीघ्र नियुक्ति करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश चौहान<br>23.02.2015 | 25. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि गुरूकुल राजकीय आयुर्वेदिक कालेज एवं चिकित्सालय में 70 बैड अस्पताल के निर्माण पर अभी तक 103.23 लाख रूपये खर्च हो चुके हैं किन्तु निर्माण कार्य पूर्ण न होने के कारण अभी तक उक्त भवन गुरूकुल राजकीय आयुर्वेदिक कालेज एवं चिकित्सालय को हैण्ड ओवर नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवन को पूर्ण कराकर शीघ्र हैण्ड ओवर करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>23.02.2015 | 26. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल में मात्र एक अस्पताल है जिसमें एक्स–रे मशीन होने के बावजूद भी एक्स–रे टैक्निशियन नहीं है तथा वहीं पदमपुरी में भी विगत कई सालों से एक्स–रे मशीन तथा लैब टैक्निशियन नहीं है ? क्या सरकार उपरोक्त दोनों स्थानों पर चिकित्सा सुविधाओं के सुधार हेतु एक्स–रे टैक्निशियन एवं लैब की व्यवस्था शीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>24.02.2015 | 27. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्रम पंचायत से0हो0 टाऊन औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण ग्राम पंचायत की आबादी 50 हजार से उपर हो गयी है तथा ग्राम पंचायत में निवास करने वाले लोगों को इलाज कराने हेतु कम से कम 20–25 कि0मी0 की दूरी तय करनी पड़ती है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा ग्राम पंचायत के अन्तर्गत सी0एच0सी0 सरकारी अस्पताल खोला जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>24.02.2015 | 28. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के समान कर्मचारियों के कितने कितने पद स्वीकृत हैं व उनके अनुरूप कितने कितने पद रिक्त हैं ? सरकार सृजित पदो के सापेक्ष रिक्त पदों पर कब तक तैनाती सुनिश्चित करेगी ? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती अमृता रावत<br>24.02.2015 | 29. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत रामनगर स्थित रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय में दो आपातकालीन चिकित्सकों की तैनाती किये जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1093/विधायक/4–स्वास्थ्य/2014–5 दिनांक 30 अगस्त, 2014 द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु महानिदेशक स्वास्थ्य उत्तराखण्ड को प्रेषित किये जाने की जानकारी दी गयी है ? यदि हां, तो महानिदेशक स्वास्थ्य द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक उक्त चिकित्सालय में आपातकालीन चिकित्सकों की तैनाती की जायेगी ? | स्वास्थ्य |
| श्री चन्द्रशेखर<br>24.02.2015 | 30. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत ग्राम–खेडीसिकोहपुर में ए0एन0एम0 सैन्टर का उच्चीकरण करने पर सरकार कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यतीश्वरानन्द<br>25.0[illegible]2015 | 31. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के ग्राम गाडोवाली में लगभग 7000 व्यक्ति निवास करते हैं उनके स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है एवं स्त्रियों के लिये कोई भी जच्चा बच्चा केन्द्र नहीं है ? उक्त समस्या के समाधान हेतु क्या सरकार गाडोवाली के निवासियों के लिये एक स्वास्थ्य केन्द्र व एक जच्चा बच्चा केन्द्र का निर्माण कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>25.02.2015 | 32. क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र भीमताल में किसानों की पूर्व में उपजाऊ भूमि को सरकार ने हस्तान्तरण कर उक्त भूमि फैक्ट्री मालिकों को लीज में दी गयी ? क्या सत्य है कि उक्त फैक्ट्रियों के मालिकों ने सरकार द्वारा दी गयी सब्सिडी का लाभ उठा कर फैक्ट्रियां बन्द कर दी गयीं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त फैक्ट्रियों के मालिकों के खिलाफ उचित कार्यवाही कर क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को पुनः रोजगार उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्योग** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>23.02.2015 | 33. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा स्थित एच0एन0बी0 महाविद्यालय में सभागार, पुस्तकालय आदि के निर्माणाधीन हेतु अभी तक कितनी धनराशि आवंटित हो गयी है तथा कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री राजकुमार ठुकराल<br>18.02.2015 | 34. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत रूद्रपुर में तहसील की स्थापना हो गई है तथा यहां कब तक रजिस्ट्रार की नियुक्ति की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वित्त** |
| श्री गणेश जोशी<br>19.02.2015 | 35. क्या संसदीय कार्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य विधान सभा के सदस्यों के साथ निजी स्टाफ को निसंवर्गीय वेतनमान प्रदत्त नहीं किया जाता है ? यदि हां, तो मुख्यमंत्री राज्य विधान सभा के सदस्यों के निजी स्टाफ हेतु निसंवर्गीय वेतनमान जारी करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **संसदीय कार्य** |

# नत्थी "ग"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 16 मार्च, 2015 की बैठक में दिनांक 17 मार्च, 2015 तथा 18 मार्च, 2015 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–**

**मार्च, 2015**

**17 मंगलवार**

1– बजट पर सामान्य चर्चा।
2– विधायी कार्य।

**मार्च, 2015**

**18 बुधवार**

1– बजट पर सामान्य चर्चा।
2– विधायी कार्य।

1. उत्तराखण्ड अनुसूचित जनजाति आयोग विधेयक, 2015 पर विचार एवं पारण।

   **( 15 मिनट)**

2. उत्तराखण्ड आमोद और पणकर अधिनियम (संशोधन) विधेयक, पर विचार एवं पारण।

   **( 15 मिनट)**

3. उत्तराखण्ड कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, पर विचार एवं पारण। **( 15 मिनट)**